आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 10.12.2024
समय 1305

मुख्य समाचार :—

- प्रदेश में टीबी उन्मूलन की दिशा में जल्द ही राज्य के पांच जिलों में मोबाईल टेस्टिंग वैन चलाई जाएगी।
- राज्य के मेडिकल कॉलेजों में तैनात सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टरों को एम्स के समान वेतनमान मिलेगा।
- भारतीय सेना में अग्निवीर की भर्ती के लिए रुड़की के पैविलियन ग्राउंड में कल से भर्ती रैली का आयोजन किया जा रहा है।
- भारतीय सैन्य अकादमी की पासिंग आउट परेड की तैयारियों के चलते देहरादून में 14 दिसम्बर तक यातायात मार्गों में बदलाव किया गया है।

टीबी टेस्टिंग वैन

प्रदेश में टीबी उन्मूलन की दिशा में जल्द ही राज्य के पांच जिलों में मोबाईल टेस्टिंग वैन चलाई जाएगी, जो घर—घर जाकर मरीजों की जांच करेगी। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने यह जानकारी देते हुए बताया कि राज्य में टीबी मरीजों की जांच व उपचार अधिक से अधिक हो, इसके लिये शीघ्र ही पीपीपी मोड में मोबाइल ट्यूबरक्लोसिस टेस्टिंग वैन चलाई जायेगी। इस योजना में हरिद्वार, ऊधमसिंह नगर, चम्पावत, नैनीताल और देहरादून जिले शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इन जिलों में अधिक से अधिक मरीजों तक पहुंच के लिये रूट प्लान तैयार किया जाएगा। साथ ही संबंधित जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी, इस योजना की समय—समय पर निगरानी करेंगे।

निर्णय

राज्य के मेडिकल कॉलेजों में तैनात सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टरों को एम्स के समान वेतनमान मिलेगा। स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर धनसिंह रावत की अध्यक्षता में देहरादून स्थित मुख्य सचिव सभागार में आयोजित बैठक में यह निर्णय लिया गया। इस दौरान मेडिकल कॉलेजों में संकाय पदोन्नति नीति और पीजी छात्रों के लिए अनिवार्य सेवा जैसे कई अहम निर्णय लिए गए। बैठक में पर्वतीय क्षेत्रों में तैनात डॉक्टरों को 50 प्रतिशत विशेष भत्ता देने, नर्सिंग छात्रों के लिए वजीफे की व्यवस्था, और राष्ट्रीय स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रमों

के लिए वित्तीय सहायता की मांग को भी मंजूरी मिली। विशेषज्ञ डॉक्टरों के लिए मुख्य परामर्शदाता के रूप में सेवा का प्रावधान और स्वास्थ्य सेवाओं में गैप एनालिसिस पर चर्चा बैठक के मुख्य बिंदु रहे। इस दौरान स्वास्थ मंत्री डॉक्टर रावत ने स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए।

पीएम पोषण

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण (पीएम पोषण) योजना के अन्तर्गत खाद्य सामग्री के खर्च में तेरह दशमलव सात प्रतिशत की वृद्धि की है। मंत्रालय ने कहा है कि प्राथमिक और बाल वाटिका कक्षाओं के लिए खाद्य सामग्री लागत 5 रुपये 45 पैसे से बढ़ाकर 6 रुपये 19 पैसे और उच्च प्राथमिक कक्षाओं के लिए 8 रुपये 17 पैसे से बढ़ाकर 9 रुपये 29 पैसे कर दी गई है। संशोधित दर इस महीने की एक तारीख से लागू हो गई है। इस वृद्धि के कारण वित्तीय वर्ष 2024—25 में 425 करोड़ रुपये से अधिक की अतिरिक्त लागत का वहन केंद्र सरकार करेगी। नई दरें सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में लागू होंगी, हालांकि वे अपने निर्धारित हिस्से से अधिक योगदान करने के लिए स्वतंत्र हैं।

पीएम पोषण केंद्र प्रायोजित योजना है जिसके तहत 10 लाख से अधिक सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में बाल वाटिका और कक्षा एक से 8वीं तक पढ़ने वाले 11 करोड़ 70 लाख छात्रों को विद्यालयों में भोजन उपलब्ध कराया जाता है। इस योजना का उद्देश्य छात्रों को जरूरी पोषण उपलब्ध कराना और विद्यालयों में उनकी भागीदारी बढ़ाना है।

टिहरी सौंदर्यीकरण

टिहरी जिला प्रशासन ने टीएचडीसी के सहयोग से नई टिहरी को पर्यटन नगरी के रूप में विकसित करने की योजना बनाई है। नई टिहरी के सौंदर्यीकरण के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार की गई है। इसके तहत करीब एक करोड़ रूपए की लागत से कार्य किए जाएंगे। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने बताया कि इन कार्यों के लिए उन्होंने टीएचडीसी के मुख्य प्रबंध निदेशक आर.के विश्नोई से बात की थी। सौंदर्यीकरण होने के बाद बांध प्रभावित नई टिहरी नगर और भी खूबसूरत नजर आएगा।

भर्ती रैली

रुड़की के पैविलियन ग्राउंड में भारतीय सेना में अग्निवीर की भर्ती के लिए दो चरणों में कल से भर्ती रैली का आयोजन किया जा रहा है। 11 से 17 दिसंबर तक होने वाले पहले चरण में प्रदेश के सात जिलों के

पुरुष प्रतिभागी अग्निवीर जनरल ड्यूटी, स्टोर कीपर, टेक्निकल और ट्रेड्समैन भर्ती के लिए भाग लेंगे और दूसरे चरण में उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के सभी जिलो की महिला प्रतिभागी 19 से 21 दिसंबर तक अग्निवीर जनरल ड्यूटी महिला मिलिट्री पुलिस भर्ती के लिए हिस्सा लेंगी। रैली प्रक्रियाएं कल सुबह तीन बजे से शुरू होंगी।

ग्रीन गेम्स

उत्तराखंड में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय खेल ग्रीन गेम्स की थीम के साथ आयोजित किये जांएगे। इसके लिए आयोजन स्थलों पर पर्यावरण संरक्षण का विशेष ध्यान रखा जाएगा। इस संबंध में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में राष्ट्रीय खेल की तैयारियों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आयोजन स्थलों पर प्लास्टिक के उपयोग को सीमित करने के लिए सख्त कदम उठाए जाएं। राष्ट्रीय खेलों के सफल आयोजन के लिए सभी विभाग पूरे समन्वय से काम करें। उन्होंने आयोजन स्थलों पर आने वाले आगंतुकों के लिए पेयजल और शौचालय की उचित व्यवस्था के साथ ही स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। श्री धमी ने कहा कि राष्ट्रीय खेलों के आयोजन को सफल बनाने में जिलाधिकारियों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होगी। उन्होंने कहा कि खेलों के सफल आयोजन के लिए प्रदेश की जनता का सहयोग भी लिया जायेगा।

यातायात डायवर्ट

भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए) की पासिंग आउट परेड की तैयारियों के चलते देहरादून में यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। आज से 14 दिसंबर तक आयोजित इस खास कार्यक्रम के चलते शहर में कई प्रमुख मार्गों को डाइवर्ट किया गया है।

आईएमए की ओर कोई भी वाहन नहीं जाएगा और उस दिशा को 'जीरो जोन' घोषित किया गया है। प्रेमनगर से शहर की ओर जाने वाले यातायात को अब प्रेमनगर चौक से दरू चौक और मिठी बेरी होते हुए शिमला बाईपास रोड की तरफ भेजा जाएगा। इसके अलावा, यदि आवश्यक हुआ तो प्रेमनगर से आने वाले वाहनों को एमटी सेक्शन गेट से आईएमए के अंदर से रांघडवाला की ओर भेजा जाएगा। साथ ही, सेलाकुई और भाऊवाला से आने वाले सभी वाहनों को धूलकोट तिराहे से सिंघनीवाला होते हुए नया गांव से शहर की ओर भेजा जाएगा। वहीं, देहरादून से विकासनगर जाने वाले भारी वाहनों को शिमला बाईपास से डाइवर्ट कर विकासनगर धर्मावाला की तरफ भेजा जाएगा। इस दौरान ट्रैफिक दबाव के आधार पर

डाइवर्ट समय को बढ़ाया या घटाया भी जा सकता है। प्रशासन ने सभी वाहन चालकों और यात्रियों से अनुरोध किया है कि वे निर्धारित रूट का पालन करें ताकि कोई असुविधा न हो।

ट्रंचिंग ग्राउंड

नैनीताल जिले के हल्द्वानी स्थित ट्रंचिंग ग्राउंड में ठोस अपशिष्ट के अवैध और अवैज्ञानिक प्रबंधन, निपटान और डंपिंग प्रकरण में एक संयुक्त कमेटी स्थलीय निरीक्षण कर छह सप्ताह के भीतर राष्ट्रीय हरित अधिकरण को रिपोर्ट सौंपेगी। कमेटी में नैनीताल के जिलाधिकारी, उत्तराखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को शामिल किया गया है। वहीं जिलाधिकारी को समन्वय व अनुपालन के लिए नोडल अधिकारी भी बनाया गया है। उत्तराखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड हल्द्वानी के क्षेत्रीय अधिकारी अनुराग नेगी ने आकाशवाणी को यह जानकारी दी। श्री नेगी को उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से कमेटी में नामित कर किया गया है।

एस०ओ०पी

राज्य में जरूरतमंद लोगों तक समय पर एंबुलेंस और एयर एंबुलेंस की सुविधा पहुंचाने के लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया–एस०ओ०पी तैयार की जाएगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अधिकारियों को इस संबंध में आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि किसी मृतक का परिवार आर्थिक रूप से कमजोर है, तो उस व्यक्ति के दाह संस्कार की व्यवस्था जिला प्रशासन द्वारा की जाएगी।